भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा लेखा विभाग

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF DEFENCE
DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT

संदेश

हिंदी दिवस पर रक्षा लेखा परिवार के सभी सदस्यों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्र की एकता के लिए भाषा सशक्त माध्यम होती है। भारत में सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। इनमें से हिन्दी भाषा किसी न किसी रुप में पूरे देश में बोली, लिखी व समझी जाती है। यह देश के लोगों को आपस में बांधे रखती है। इसलिए 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से निर्णय लिया कि **हिंदी** ही भारत की राजभाषा होगी। स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी कहा था –

"हिंदी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।"

सरकार की राजभाषा नीति में स्पष्ट है कि प्रोत्साहन, प्रेरणा एवं सद्भावना से हिंदी का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। जनता के साथ संवाद जनता की भाषा में किया जाना चाहिए।

इन सिद्धांतों पर चलते हुए पिछले कुछ वर्षों से विभाग में हिंदी में किए जा रहे कार्यों में काफी बढ़ोतरी हुई है। हिंदी में टिप्पण, 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के साथ हिंदी में पत्र व्यवहार, विभागीय वेबसाइट का द्विभाषीकरण, पेंशन संबंधी सॉफ्टवेयर 'स्पर्श' का द्विभाषीकरण और हिंदी गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन इस दिशा में किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रयास हैं। इससे कंप्यूटर तथा इंटरनेट पर भी सफलतापूर्वक कार्य किया जा सकता है। विभाग में ई-ऑफिस पर किए जा रहे कार्यों को भी हिंदी में करने की सुविधा प्रदान की गई है जिसका लाभ राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है।

हिंदी बहुत सरल, सरस, सहज और मधुर भाषा है। इसे आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी का है। हमारा कर्तव्य है कि हम राजभाषा हिंदी के बारे में संविधान में निहित मूल संकल्पना को आत्मसात करें और हिंदी में कार्य करते हुए गर्व का अनुभव करें।

जय हिंद !

अविनाश दीक्षित

रक्षा लेखा महानियंत्रक

हिंदी दिवस, 2022

रक्षा लेखा महानियंत्रक CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS
उलन बटार रोड़, पालम, दिल्ली छावनी-110010 Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt-110010
Ph. : 011-25665500, 25665555 Fax : 011-25674806, 25674821 Email : cgdanewdelhi@nic.in Web : www.cgda.nic.in